रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 602] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त 31, 2016/भाद्र 9, 1938
No. 602] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST 31, 2016/BHADRA 9 , 1938

© IndiaCode

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 अगस्त, 2016

सा.का.नि. 836(अ).—केंद्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, **अर्थात्** :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :-** (1) इन नियमों का नाम (पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मशती के अवसर पर स्मारक सिक्के जारी करना) सिक्का निर्माण नियम, 2016 है।
   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।
2. **सिक्कों का अंकित मूल्य—** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मशती को मनाने के लिए केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने हेतु टकसाल में निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का निर्माण किया जाएगा, **अर्थात्** :-
   (i) एक सौ रुपये;
   (ii) पांच रुपये;
3. **सिक्कों की विमाएं और संरचना** --- नियम 2 में उल्लिखित अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, **अर्थात्** :-

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	दांतों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	चतुर्थक मिश्र धातु चांदी – 50 प्रतिशत

			तांबा – 40 प्रतिशत निकल – 05 प्रतिशत जस्ता – 05 प्रतिशत
पांच रुपये	वृत्ताकार 23 मिलीमीटर	100	**निकल पीतल** तांबा – 75 प्रतिशत जस्ता - 20 प्रतिशत निकल – 05 प्रतिशत

4. डिज़ाइन– सिक्कों का डिज़ाइन वह होगा जो इन नियमों की प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट किया गया है।

5. मानक वजन तथा अनुज्ञात छूट: निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुज्ञात छूट वह होगी जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट होगी।

प्रथम अनुसूची

(नियम 4 देखें)

(i) <u>एक सौ रुपये</u>

<u>अग्र भाग</u>

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में "**भारत**" शब्द और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"**INDIA**"** शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"100"** भी होगा।

<u>पृष्ठ भाग</u>

सिक्के के इस भाग पर केंद्र में "पंडित दीनदयाल उपाध्याय" के चित्र की आकृति होगी। सिक्के की ऊपरी परिधि पर देवनागरी में **"पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मशती"** तथा निचली परिधि पर अंग्रेजी में "BIRTH CENTENARY OF PANDIT DEENDAYAL UPADHYAYA" उत्कीर्णित होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के नीचे वर्षों का अंक "1916-2016" लिखा होगा।

(ii) <u>पांच रुपये</u>

<u>अग्र भाग</u>

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"**INDIA**"** शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"5"** भी होगा।

<u>पृष्ठ भाग</u>

सिक्के के इस भाग पर केंद्र में "पंडित दीनदयाल उपाध्याय" के चित्र की आकृति होगी। सिक्के की ऊपरी परिधि पर देवनागरी में **"पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मशती"** तथा निचली परिधि पर **अंग्रेजी** में "BIRTH CENTENARY OF PANDIT DEENDAYAL UPADHYAYA" उत्कीर्णित होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के नीचे वर्षों का अंक "1916-2016" लिखा होगा ।

IndiaCode

द्वितीय अनुसूची

(नियम 5 देखें)

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक वजन	अनुज्ञात छूट	
		संरचना में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ रूपये	35 ग्राम	चांदी में 1/500वां जोड़ कर या घटा कर **अर्थात्** चाँदी में प्रति 1000 में 498 से 502 तक का अंतर हो सकेगा।	1/100वां जोड़ कर या घटा कर **अर्थात्** वजन में 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक का अंतर हो सकता है।
पांच रूपये	6 ग्राम	तांबा और जस्ता दोनों के लिए 1/100वां जोड़ कर या घटा कर अर्थात तांबे में 74 प्रतिशत से 76 प्रतिशत और जस्ता में 19 प्रतिशत से 21 प्रतिशत का अंतर हो सकता है तथा निकल के लिए 1/200वां जोड़कर या घटाकर **अर्थात्** निकल में 4.5 प्रतिशत से 5.5 प्रतिशत का अंतर हो सकता है।	1/40वां जोड़ कर या घटा कर **अर्थात्** वजन में 5.85 ग्राम से 6.15 ग्राम का अंतर हो सकता है।

[फा. सं. 02/18/2015-सिक्का]

पंकज गुप्ता, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economics Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 29th August, 2016

G.S.R. 836(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely: -

1. **Short title and commencement.-** (1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coins on the Occasion of Birth Centenary of Pandit Deendayal Upadhyaya) Rules,2016.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coins.-** The coins of the following denominations shall also be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of "Birth Centenary of Pandit Deendayal Upadhyaya", namely:-

   (i) One Hundred Rupees; and

   (ii) Five Rupees.

3. Dimension, composition of coins. - The coins of the denominations mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely : -

Denomination of coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal composition
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Rupees	Circular 44 millimeters	200	Quaternary Alloy Silver - 50 per cent Copper -40 per cent Nickel - 05 per cent Zinc - 05 per cent
Five Rupees	Circular 23 millimeters	100	Nickel Brass Copper -75 per cent Zinc - 20 per cent Nickel - 05 per cent

4. Design.- The design of the coins shall be as specified in the First Schedule appended to these rules.

5. Standard weight and remedy allowed.- The standard weight of the coins of the following denominations, and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the Second Schedule appended to these rules.

IndiaCode

The First Schedule

(See rule 4)

(i) ONE HUNDRED RUPEES

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "सत्यमेव जयते" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "भारत" in Devanagari script and on the right periphery flanked with the word "INDIA" in English. It shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "**100**" in the International Numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

The face of coin shall bear the portrait of "PANDIT DEENDAYAL UPADHYAYA"in the centre. The inscription **"पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मशती"** in Devanagari script and "BIRTH CENTENARY OF PANDIT DEENDAYAL UPADHYAYA" in English shall be written on the top and bottom periphery respectively on the face of the coin. The year's figure "1916-2016" shall be written below the portrait of "PANDIT DEENDAYAL UPADHYAYA".

(ii) FIVE RUPEES

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "सत्यमेव जयते" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "भारत" in Devanagari script and on the right periphery flanked with the word "INDIA" in English. It shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "**5**" in the International Numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

The face of coin shall bear the portrait of "PANDIT DEENDAYAL UPADHYAYA" in the centre. The inscription **"पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मशती"** in Devanagari script and "BIRTH CENTENARY OF PANDIT DEENDAYAL UPADHYAYA" in English shall be written on the top and bottom periphery respectively on this face of the coin.The year's figure "1916-2016" shall be written below the portrait of "PANDIT DEENDAYAL UPADHYAYA".

The Second Schedule

(See rule 5)

Denomination of coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 34.65 grams to 35.35 grams.
Five Rupees	6 Grams	1/100th plus or minus for Copper and Zinc, that is to say Copper could vary from 74 per cent to 76 per cent and Zinc from 19 per cent to 21 per cent and 1/200th plus or minus for Nickel that is to say Nickel could vary from 4.5 per cent to 5.5 per cent.	1/40th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 5.85 grams to 6.15 grams.

[F. No. 02/18/2015-Coin]

PANKAJ GUPTA, Under Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

GORAKH NATH YADAV
Digitally signed by GORAKH NATH YADAV
Date: 2016.09.01 21:57:20 +05'30'